BULANDSHAHR POLICE

दिनांक – 15 दिसम्बर, 2024 **थाना सलेमपुर**

शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी गया इन्वर्टर, अवैध असलहा, कारतूस व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद।

जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 14-12-2024 को थाना सलेमपुर पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर ग्राम शेरगढी को जाने वाले रास्ते से एक शातिर चोर को चोरी किये गये इन्वर्टर,अवैध असलहा कारतूस व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना सलेमपुर पर मुअसं-310/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1. लखेन्द्र पुत्र गजेन्द्र निवासी ग्राम धतूरी थाना सलेमपुर जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी का विवरणः-

1. 01 इन्वर्टर (चोरी का)
2. 01 तमंचा मय दो जिन्दा कारतूस
3. 01 मोटरसाइकिल नं0-UP-13BL-8281(घटना में प्रयुक्त)

गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा दिनांक 27.10.2024 की रात्रि में थाना सलेमपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम धतुरी में स्थित सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में चोरी करने की घटना कारित की गयी थी जिसके संबंध में थाना सलेमपुर पर मुअसं- 280/24 धारा 305ए बीएनएस पंजीकृत है।

गिरफ्तार अभियुक्त लखेन्द्र का आपराधिक इतिहास-

1. मुअसं-56/2006 धारा 302 भादवि थाना सलेमपुर जनपद बुलन्दशहर
2. मुअसं-136/203 धारा 406 भादवि थाना को० नगर जनपद बुलन्दशहर
3. मुअसं-206/2019 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सलेमपुर जनपद बुलन्दशहर
4. मुअसं-276/2020 धारा 323/504/506 भादवि 3(1) (द) एसएसी/एसटी थाना सलेमपुर जनपद बुलन्दशहर
5. मुअसं-2942/2022 धारा 135 वि0 अधि० थाना एंटी पावर थैष्ट जनपद बुलन्दशहर
6. मुअसं-254/2023 धारा 380/457/411 भादवि 4/25 आर्म्स एक्ट थाना सलेमपुर जनपद बुलन्दशहर
7. मुअसं-310/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सलेमपुर जनपद बुलन्दशहर
8. मुअसं-280/2024 धारा 305/331/317 बीएनएस थाना सलेमपुर

पुलिस टीम-

1. श्री अतुल कुमार चौहान प्रभारी निरीक्षक सलेमपुर
2. उ0नि0 मनोज कुमार दीक्षित, उ0नि0 शिवम कठेरिया
3. है0का0 गुलफाम अली, का0 निरवान

मीडिया सेल, बुलंदशहर